प्रेषक,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रयागराज।

सेवा में,

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी
प्रयागराज।

पत्रांकः स0शि0अ0/के0जी0बी0वि0चयन/726-28 /2021-22 दिनांक 25-6-2021

विषयः कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन हेतु विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को एन.आई.सी. की बेवसाइट पर अपलोड कराने सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-1553/68-5-2020, बेसिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ, दिनांक 11.12.2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वि0/शिक्षक/8362/2020-21 दिनांक 04.01.2021 के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोंपरान्त जनपद प्रयागराज में संचालित 20 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर नियत मानदेय एवं संविदा के आधार पर शैक्षिक सत्र 2021-22 के लिए शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कार्मिकों के नवीन चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

अतः उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद के एन.आई.सी. की बेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(संजय कुमार कुशवाहा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रयागराज

(ताज मोहम्मद)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
प्रयागराज

पृ0सं0/स0शि0अ0/के0जी0बी0वि0चयन/ /2021-21 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषितः-

1. जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज।
2. मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।

(ताज मोहम्मद)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
प्रयागराज

(संजय कुमार कुशवाहा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रयागराज

Scanned with CamScanner

# कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज।

पत्रांक सं0–स0शि0अ0 / के0जी0बी0वि0 चयन / 724-25 / 2021–22 दिनांक 25-6-2021

## विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–1553 / 68–5–2020, बेसिक शिक्षा अनुभाग–5, लखनऊ, दिनांक 11.12.2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वि0 / शिक्षक / 8362 / 2020–21 दिनांक 04.01.2021 के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोंपरान्त जनपद प्रयागराज में संचालित 20 कस्तूरवा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में निम्नवत् रिक्त पदों पर नियत मानदेय एवं संविदा के आधार पर शैक्षिक सत्र 2021–22 के लिए शैक्षिक / शिक्षणेत्तर कार्मिकों के नवीन चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्र. स. | पद नाम | विषय | कुल पद | आरक्षण की श्रेणी | | | नियत मानदेय प्रतिमाह (रुपया में) | अनिवार्य शैक्षिक व प्रशिक्षण योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका | हिन्दी | 06 | 03 | 01 | 02 | 22000.00 | हिन्दी एवं संस्कृत विषय के साथ स्नातक उपाधि तथा एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड./समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका | गणित | 11 | 05 | 04 | 02 | 22000.00 | पी.सी.एम. वर्ग से स्नातक तथा एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड. / समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका | विज्ञान | 11 | 06 | 05 | – | 22000.00 | जेड.बी.सी. वर्ग से स्नातक तथा एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड. / समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका | सामाजिक विषय | 02 | – | 02 | – | 22000.00 | इतिहास, भूगोल एवं नागरिक शास्त्र में से किसी एक विषय से स्नातक उपाधि तथा एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड./समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका | अंग्रेजी विषय | 06 | 02 | 02 | 02 | 22000.00 | अंग्रेजी विषय से स्नातक उपाधि तथा एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड./समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. परीक्षा उत्तीर्ण । |
| 6 | अंशकालिक शिक्षक / शिक्षिका | कम्प्यूटर | 09 | 04 | 02 | 03 | 9800.00 | प्रशिक्षित स्नातक होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड./समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर शिक्षण हेतु पी.जी.डी.सी.ए./बी.सी.ए. /बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी.ओ.ई.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से 'ओ लेवल'/'ए लेवल' डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी। |
| 7 | अंशकालिक शिक्षक / शिक्षिका | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा | 06 | 04 | – | 02 | 9800.00 | स्नातक के साथ बी.पी.एड./सी.पी.एड./डी.पी.एड.। |
| 8 | अंशकालिक शिक्षक / शिक्षिका | कला, क्राफ्ट एवं संगीत / गृह शिल्प | 05 | 01 | 01 | 03 | 9800.00 | सम्बन्धित विषय से स्नातक उपाधि सहित एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड./समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण। |
| 9 | लेखाकार | – | 02 | 01 | – | 01 | 11,000.00 | स्नातक वाणिज्य तथा एम.एस. आफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य है। डी.ओ.ई.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा मे 'ओ लेवल' डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी। |
| 10 | मुख्य रसोइयां | – | 02 | 01 | – | 01 | 6900.00 | कक्षा 8 उत्तीर्ण। शारीरिक रुप से अक्षम एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होनी चाहिए । |
| 11 | सहायक रसोइयां | – | 06 | 03 | 02 | 01 | 5175.00 | कक्षा 8 उत्तीर्ण। शारीरिक रुप से अक्षम एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होनी चाहिए । |
| 12 | चौकीदार | – | 02 | – | – | 02 | 5750.00 | कक्षा 8 उत्तीर्ण। शारीरिक रुप से अक्षम एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए । |

### निर्देश एवं शर्तें

1. पूर्णकालिक शिक्षिका, लेखाकार, मुख्य रसोइयां एवं सहायक रसोइयां के पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित है।
2. पूर्णकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोइयां, सहायक रसोइयां एवं चौकीदार को विद्यालय में रात्रिवास करना अनिवार्य है।

Scanned with CamScanner

3. के0जी0बी0वी0 के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे हों, उन शिक्षकों द्वारा के0जी0बी0वी0 में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर, उन्हें चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या के0जी0बी0वी0/3–2/1916/2013–14 दिनांक 29.07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षकों के लिए टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नहीं होगी।
4. के0जी0बी0वि0 के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो निर्धारित अर्हता रखते हों, किन्तु शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गये हैं, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर, चयन हेतु आयु सीमा में के0जी0बी0वि0 में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
5. के0जी0बी0वि0 के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे हैं, उनके द्वारा के0जी0बी0वि0 में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर, उन्हें के0जी0बी0वी0 में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिये 2 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जायेगा।
6. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टाफ यथा पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिका तथा लेखाकार के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा, जिसके लिए अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किये जाने का प्राविधान हैः–

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1. | हाई स्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 10/100 |
| 2. | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 10/100 |
| 3. | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 20/100 |
| 4. | प्रशिक्षण | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 30/100 |
| 5. | भारांक के0जी0बी0वी0 में शिक्षक के रूप में कार्यरत अनुभव | प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिए 02 अंक, अधिकतम 30 अंक जो भी कम हो। |
| *नोटः–(क) यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थियों का नाम जो आयु में ज्येष्ठ हों, सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा। (ख) यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।* | | |

7. मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया, चौकीदार का चयन साक्षात्कार के माध्यम से समिति द्वारा किया जायेगा।
8. अभ्यर्थियों की आयु सीमा 25 से 45 वर्ष होनी चाहिये, आवेदित अभ्यर्थी की आयु की गणना 01 अप्रैल 2021 के आधार पर की जायेगी।
9. राज्य सरकार के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।
10. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे। इस हेतु अन्तिम शैक्षिक संस्था/किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।
11. विज्ञापित रिक्त पदों की संख्या घट/बढ़ सकती है।
12. जनपद प्रयागराज हेतु निर्धारित आवेदन पत्र पर ही पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार होंगे, जो जनपद के एन.आई.सी. की वेबसाइट www.prayagraj.nic.in पर उपलब्ध है इसके साथ ही कार्यालय जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद प्रयागराज के सूचना पट पर चस्पा है, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि, जाति, शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता, स्थायी पता, पत्र व्यवहार का पता, अभ्यर्थी के हस्ताक्षर एवं पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया है, का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए तथा स्व प्रमाणित समस्त शैक्षिक/प्रशिक्षण/टी.ई.टी. अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा आधार प्रमाण पत्र इत्यादि की छाया प्रति एवं अपना पता लिखा दो लिफाफा जिसमें से एक पर रु0 25.00 का डाक टिकट लगा हो, अनिवार्य रूप से संलग्न करें। शैक्षणिक पदों के लिए अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा के तीनों वर्ष की अंक तालिका की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
13. इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, प्राथमिक विद्यालय पुराना मम्फोर्डगंज, प्रयागराज के पते पर <u>दिनांक 15.07.2021 की सायं 05.00 बजे तक</u> प्रेषित करना सुनिश्चित करें। लिफाफे के ऊपर <u>कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हेतु आवेदन</u>, आवेदित पद का नाम एवं विषय लिखना अनिवार्य है। साधारण डाक एवं विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(ताज मोहम्मद)
जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)
समग्र शिक्षा अभियान, प्रयागराज।

25/06/2021
(संजय कुमार कुशवाहा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रयागराज।

पृ0सं0:–स0शि0अ0/के0जी0बी0वि0 चयन/ /2021–22 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" एवं "हिन्दुस्तान" प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति को आगामी अंक में न्यूनतम आकार एवं सरकारी दर पर प्रकाशित कर बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

(ताज मोहम्मद)
जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)
समग्र शिक्षा अभियान,प्रयागराज

25/06/2021
(संजय कुमार कुशवाहा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रयागराज

Scanned with CamScanner

## जनपद प्रयागराज के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में चयन हेतु आवेदनपत्र

1. आवेदित पद का नाम............................................विषय का नाम...........................................
2. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)...........................................................................................
3. अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी में).........................................................................................
4. पिता/पति का नाम (हिन्दी में)........................................................................................
5. जन्म तिथि (हाई स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार).......................................................................
6. आयु (दिनांक 01.04.2021 को).....................वर्ष.....................माह.....................दिन.....................
7. वैवाहिक स्थिति ..........................................................................................................
8. राष्ट्रीयता ...................................................................................................................
9. जाति–(सामान्य/पिछड़ी/अनु0जाति/अनु0जनजाति)............................................................
   ( अनु0जाति/अनु0जनजाति एवं पिछड़ी के अभ्यर्थी जाति प्रमाणपत्र की अद्यतन प्रति संलग्न करें)
10. स्थायी पता (निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)......................................................................
    ....................................................................................पिन कोड..............................
11. पत्र व्यवहार का पता....................................................................................................
    ....................................................................................पिन कोड..............................
12. मोबाइल/फोन/ई–मेल नम्बरः...........................................................................................
13. पैन नम्बर (संलग्न करें):..................................................................................................
14. आधार नम्बर(संलग्न करें):...............................................................................................
15. शैक्षिक योग्यताओं का विवरण–

पासपोर्ट आकार का
रंगीन एवं
स्वप्रमाणित नवीनतम
फोटो

| परीक्षा का नाम | बोर्ड/ विश्वविद्यालय | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हाई स्कूल | | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | | |
| बी.एड./एल.टी./बी.पी.एड. /सी.पी.एड./डी.पी.एड. | | | | | | | |
| टी.ई.टी. उच्च प्राथमिक स्तर | | | | | | | |
| कम्प्यूटर | | | | | | | |
| अन्य | | | | | | | |

*वर्ष 2020–21 में निर्धारित अर्हता रखने वाले किन्तु नवीन संविदा से वंचित अभ्यर्थियों के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षण का अनुभव ( जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र संलग्न करें)*

| क्र.सं. | के0जी0बी0वि0 का नाम एवं जनपद | प्रथम संविदा तिथि | अन्तिम संविदा तिथि | शिक्षण कार्य का अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ष | माह | दिन |
| | | | | | | |

### घोषणा

मै एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण सत्य है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जांचोंपरान्त कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को मेरा अभ्यर्थन निरस्त करने तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र प्रेषित करने के दिनांक के बाद कोई भी प्रमाणपत्र/अंकपत्र प्रस्तुत करने पर उनको अमान्य करने व विज्ञप्ति की शर्तों को पूरा न करने की स्थिति में मेरा अभ्यर्थन स्वतः निरस्त समझा जाये।

स्थान : ......................

दिनांक : ......................

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का हस्ताक्षर
एवं दिनांक

Scanned with CamScanner